होली त्यौहार के अवसर पर जबलपुर–दानापुर–जबलपुर के मध्य एक–एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 20 फरवरी। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल ने होली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर–दानापुर–जबलपुर के मध्य एक–एक ट्रिप सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी **पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रस्थान कर सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों** से होकर गन्तव्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन की पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों की विस्तृत जानकारी निम्न है।

गाड़ी संख्या 02191/02192 जबलपुर–दानापुर–जबलपुर होली सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन :– गाड़ी संख्या 02191 जबलपुर से दानापुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 06.03.2023 को जबलपुर से 20:05 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 20:38 बजे, कटनी 21:20 बजे, मैहर 22:10 बजे, सतना 22:45 बजे अगले दिन प्रयागराज छिवकी 01:50 बजे और 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 02192 दानापुर से जबलपुर स्पेशल ट्रेन दिनांक 07.03.2023** को दानापुर स्टेशन से 11:30 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी 17:40 बजे, सतना 21:00 बजे, मैहर 21:30 बजे, कटनी 22:40 बजे, सिहोरा रोड 23:24 बजे और दूसरे दिन 00:10 बजे जबलपुर स्टेशन पहुँचेगी।

कोच कम्पोजीशन :– इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 24 कोच रहेंगे।

रेलगाड़ी के हाल्ट :– रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड–19 से सम्बंधित भारत सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

संख्याः पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/748/2023 दिनांक 20.02.2023

सम्माननीय संपादक

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें.

धन्यवाद

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर